Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 13-03-2006
Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

an>

Title : Need to complete the irrigation projects in Palamau and Garhwa districts of Jharkhand besides addressing other problems like water crisis, poverty, unemployment and extremism in the State.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड प्रदेश के पलामू और गढ़वा जिले सबसे पिछड़े और गरीब जिले हैं। इन दोनों जिलों में वार्ा के अभाव में कई वर्ों से अकाल पड़ा हुआ है। बेरोज़गारी चरम सीमा पर है। इन दोनों जिलों में विकास का काम नहीं के बराबर हुआ है। पीने के पानी के लिए अभी से हाहाकार मचा हुआ है। यहां का जल स्तर भी बहुत नीचे चला गया है जिससे कुँए, तालाब और चापाकलों में पानी सूख गया है। लोगों के पलायन करने की स्थिति वहां आ गई है। पूरे झारखंड प्रदेश में उग्रवाद का भी काफी आतंक है। विशे-ाकर ये दोनों जिले उग्रवाद की भारी चपेट में हैं। इसका मुख्य कारण गरीबी और बेरोज़गारी है। मैं सरकार का ध्यान आकृट करना चाहूंगा कि इन दोनों जिलों में किसानों के लिए सिंचाई के लिए काफी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जो वर्ों से अधूरी पड़ी हुई हैं। भारत सरकार के सिंचाई विभाग से इन दोनों योजनाओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि पलामू जिले की औरंगा जलाशय योजना एवं गढ़वा जिले की कनहर जलाशय योजना, जिस पर भारत सरकार के करोड़ों रुपये खर्च हो चुके हैं, उसे पूरा कर पलामू प्रमंडल के किसानों, मज़दूरों तथा बेरोज़गारों को राहत दें और उग्रवादियों को भी मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास करें।

MR. SPEAKER: Smt. Kiran Maheshwari – absent.